उपस्थिति – श्री गौरी शंकर

# न्यायालय–सिविल जज सिनियर डिवीजन प्रथम, डुमरॉव

## स्वत्व वाद सं0 – 601/2016

## सी0आई0एस0 – 16/2001

**काशीनाथ पाण्डेय वगै0 ..............................वादीगण।**

**बनाम्**

**बिहार सरकार ..............................प्रतिवादी।**

## आदेश

**28.08.2025** उभय पक्षों की हाजिरी है। पुकार पर उभय पक्ष के विद्वान अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित हुये। वादी के तरफ से दाखिल आवेदन दिनांक 28.08.2025 अतंर्गत आदेश 22 नियम 03 धारा 151 सी0पी0सी0 को प्रचालित करते हुये वादी के विद्वान अधिवक्ता यह कथन करते हैं कि इस वाद के वादी सं0 04(क) स्व0 ओम प्रकाश पाण्डेय की मृत्यु दिनांक 06.09.2024 को हो चुकी है। अनुरोध करते हैं कि मृत वादी सं0 04(क) स्व0 ओम प्रकाश पाण्डेय का नाम कलमजद करने का आदेश दिया जाय तथा मृत वादी सं0 04(क) के वारीसान अनिता देवी, खुशी कुमार, अंकिता कुमारी का नाम मृत वादी सं0 04(क) स्व0 ओम प्रकाश पाण्डेय के स्थान पर प्रतिस्थापित करने का आदेश दिया जाय जो न्यायहित में अति आवश्यक है। वादी द्वारा प्रतिस्थापन आवेदन दाखिल करने में हुए विलम्ब की अवधि को क्षांत करने हेतू दफा 05 लिमिटेशन एक्ट का आवेदन शपथ पत्र के साथ दाखिल किया गया है। अनुरोध करते है कि आवेदन दाखिल करने में हुए बिलम्ब की अवधि को माफ करते हुए उक्त आवेदन को स्वीकृत किया जाए।

प्रतिवादी के विद्वान अधिवक्ता द्वारा उपरोक्त आवेदन पर अनापत्ति अंकित किया गया है।

उभय पक्षों को सुना तथा अभिलेख का अवलोकन किया। प्रतिवादी द्वारा उक्त आवेदन पर अनापत्ति दर्ज है। वादी द्वारा उक्त आवेदन शपथ पत्र से समर्थित है परन्तु बिलम्ब से दाखिल किया गया हैं अतः वादी द्वारा प्रतिस्थापन आवेदन दाखिल करने में हुए बिलम्ब की अवधि को दफा 05 लिमिटेशन एक्ट के अंतर्गत क्षांत किया जाता है। अतः वादी के तरफ से दाखिल आवेदन दिनांक 28.08.2025 अतंर्गत आदेश

**उपस्थिति – श्री गौरी शंकर**

**लगातार**
**28.08.2025**

22 नियम 03 धारा 151 सी0पी0सी0 को न्यायहित में स्वीकृत किया जाता है। मृत वादी सं0 04(क) स्व0 ओम प्रकाश पाण्डेय का नाम कलमजद करने का आदेश दिया जाता है तथा इनके वारीसान अनिता देवी, खुशी कुमार, अंकिता कुमारी का नाम मृत वादी सं0 04(क) स्व0 ओम प्रकाश पाण्डेय के स्थान पर प्रतिस्थापित करने का आदेश दिया जाता है।

दिनांक–25.09.2025 वास्ते प्रतिवादी साक्षी सं0 02 का शेष साक्ष्य हेतू।

**लेखापित**

**(गौरी शंकर)**
**सिविल जज सिनियर डिवीजन प्रथम,**
**डुमरॉव (बक्सर)**